RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-पाठशाला कार्यक्रम

Class 12th HISTORY

राजा, किसान और नगर

RAPID REVISION



वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.1 प्रयाग प्रशस्ति की रचना किसने की थी?

RBSE-2026

A कालिदास

B शूद्रक

C विशाखदत्त

D हरिषेण

1 Mark

Q.2 देवपुत्र' की उपाधि मुख्यतः किन सम्राटों से संबंधित थी?

RBSE-2026



A मौर्य

B कुषाण

C सातवाहन

D गुप्त

1 Mark

Q.3 निम्न में से कौन चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में राजदूत के रूप में आए थे? RBSE-2025

A ह्वेन-त्सांग

B फा-शिएन

C मेगस्थनीज

D इत्सिंग

1 Mark

Q.4 'पियदस्सी' व 'देवानांपिय' किस शासक की उपाधियाँ हैं?

RBSE-2025

A अशोक

B बिन्दुसार

C समुद्रगुप्त

D चन्द्रगुप्त द्वितीय

1 Mark

Q.5 किस राज्य को प्राचीन काल में मगध कहा जाता था?

RBSE-2023

A राजस्थान

B बिहार

C गुजरात

D महाराष्ट्र

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.6 मौर्य साम्राज्य का संस्थापक कौन था?

RBSE-2022



A चन्द्रगुप्त

B अशोक

C बिंबिसार

D महापद्मनंद

1 Mark

Q.7 प्रभावती गुप्त किस वंश की प्रसिद्ध शासिका थी?

RBSE-2022

(A) शक

(B) सातवाहन

(C) मौर्य

(D) वाकाटक

1 Mark

Q.8 मगध की राजधानी थी? RBSE-2022



A चंपा

B श्रावस्ती

C कुशीनगर

D पाटलिपुत्र

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.9 पाटलिपुत्र को मगध की राजधानी कब बनाया गया?

Model paper-2026

A. प्रथम शताब्दी ई.पू.

B. द्वितीय शताब्दी ई.पू.

C. चौथी शताब्दी ई.पू.

D. छठी शताब्दी ई.पू.

1 Mark

Q.10 अशोक ने निम्न में से किस उद्देश्य से 'धम्म महामात्त' नाम से विशेष अधिकारियों की नियुक्ति की थी?

Model paper-2026

(A) युद्ध के प्रचार हेतु

(B) धम्म के प्रचार हेतु

(C) स्वयं के प्रचार हेतु

(D) पेड़-पौधे लगाने हेतु

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.11 निम्न में से किस शासक ने सुदर्शन सरोवर का जीर्णोद्धार करवाया था? Model paper-2026

A समुद्रगुप्त

B बिन्दुसार

C अजातशत्रु

D रुद्रदामन

1 Mark

Q.12 वे जातियाँ जो एक जीविका अथवा व्यवसाय से जुड़ी थीं उन्हें क्या कहा जाता था?

Model paper-2026

A श्रेणी

B अग्रहार

C हलवाहा

D उल्वर

1 Mark

Q.13 किस वंश के शासकों ने अपने नाम के आगे "देवपुत्र" की उपाधि लगाई थी?

Model paper-2025

A कुषाण वंश

B मौर्य वंश

C सातवाहन वंश

D राष्ट्रकूट वंश

1 Mark

Q.14 प्रभावती गुप्त किसकी पुत्री थी?

Model paper-2024

A चन्द्रगुप्त I

B समुद्रगुप्त

C चन्द्रगुप्त II

D स्कन्दगुप्त

1 Mark

Q.15 'हर्ष चरित' के लेखक हैं–

Model paper-2024

A बाणभट्ट

B हर्षवर्धन

C कौटिल्य

D मयूर

1 Mark

रिक्त स्थान

Q.1 मगध के विकास के साथ–साथ.....

साम्राज्य का उदय हुआ। RBSE-2025

उत्तर : मौर्य



Q.2 चाणक्य मौर्य शासक ..... के मंत्री थे।

RBSE-2023

उत्तर : चन्द्रगुप्त मौर्य

1 Mark

रिक्त स्थान

Q.3 शक शासक रुद्रदामन द्वारा ..... सरोवर का जीर्णोद्धार करवाया गया।

RBSE-2023

उत्तर : सुदर्शन

1 Mark

रिक्त स्थान

Q.4 बौद्ध और जैन धर्म के आरम्भिक ग्रन्थों में महाजनपद नाम से ..... राज्यों का उल्लेख मिलता है। RBSE-2025

उत्तर : सोलह

1 Mark

महाजनपद



महा
जन
पद
लोग
पर

भारत
16

Q.5 प्रयाग प्रशस्ति की रचना ..... ने की थी। RBSE-2024

उत्तर : हरिषेण

1 Mark

रिक्त स्थान

Q.6 ईस्ट इंडिया कंपनी के एक अधिकारी ..... ने ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों का अर्थ निकाला।

Model paper-2023

उत्तर : जेम्स प्रिंसेप

1 Mark

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.1 चाणक्य किस मौर्य शासक के मंत्री थे?

RBSE-2026



अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.1 चाणक्य किस मौर्य शासक के मंत्री थे?

RBSE-2026

उत्तर : चन्द्रगुप्त मौर्य

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.2 पाटलिपुत्र को वर्तमान में क्या कहा जाता है?

RBSE-2026



उत्तर : पटना

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.3 वह पहला सम्राट कौन था जिसने अपने अधिकारियों और प्रजा के लिए संदेश प्राकृतिक पत्थरों और पॉलिश किए हुए स्तंभों पर लिखवाए थे? RBSE-2025

उत्तर : अशोक

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.4 पाटलिपुत्र को वर्तमान में क्या कहा जाता है?

RBSE-2024



उत्तर : पटना

Q.5 प्रयाग प्रशस्ति की रचना किस भाषा में की गई?

RBSE-2023

उत्तर : संस्कृत भाषा

Q.6 मनुस्मृति का संकलन कब किया गया?

RBSE-2022

उत्तर : दूसरी शताब्दी ई.पू. और दूसरी शताब्दी ई. के बीच।

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.7 जातक कथाएँ किस भाषा में लिखी गई ?

Modal Paper 2026

उत्तर : पालि भाषा



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

बौद्ध ग्रंथ

- त्रिपिटक
  -
  -
  -
- +
- जातक -
- पुर्नजन्म →



अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.8 छठी शताब्दी ई. से सोने के सिक्के मिलने कम क्यों हो गए? स्पष्ट कीजिए।

Modal Paper 2026

उत्तर : इतिहासकारों के एक मत के अनुसार रोमन साम्राज्य के पतन के बाद दूरवर्ती व्यापार में कमी आई; दूसरे मत के अनुसार नए नगर और व्यापार के नवीन तंत्र विकसित हुए।

Q.9 मनुस्मृति का संकलन कब हुआ था?

Modal Paper 2025

उत्तर : दूसरी शताब्दी ई.पू. और दूसरी शताब्दी ई. के बीच।

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.10 अर्थशास्त्र से हमें किस विषय की जानकारी मिलती है?

Modal Paper 2024

उत्तर : सैनिक एवं प्रशासनिक संगठन की जानकारी।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.1 मगध महाजनपद के पास कौन-से प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध थे? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए।

RBSE-2026

उत्तर :

1. **उपजाऊ भूमि** – मगध क्षेत्र में खेती की उपज विशेष रूप से अच्छी होती थी।


कर → आर्थिक
①
आवागमन
कोष
②
जलमार्ग
सेना
TANK
③ हाथी
④ लोहे

लघूत्तरात्मक प्रश्न

2. **लोहे की खदानें** – आधुनिक झारखंड में लोहा आसानी से उपलब्ध था, जिससे उपकरण और हथियार बनाना सरल था।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.2 छठी शताब्दी ई.पू. में होने वाली कोई दो महत्त्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख कीजिए। RBSE-2025

उत्तर :

1. आरंभिक राज्यों एवं नगरों का विकास हुआ।
2. लोहे के प्रयोग और सिक्कों का विकास बढ़ा।


कृषि
कर
नगर
कानून
(धर्मसूत्र
धर्मशास्त्र)

लघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.3 सिक्कों से क्या ऐतिहासिक जानकारियाँ प्राप्त होती हैं? RBSE-2024

उत्तर :

1. वाणिज्यिक प्रयोग — सिक्कों से व्यापार के संभावित क्षेत्रों का पता चलता है।
2. राजवंशों की जानकारी — प्रतीकों, शासकों के नाम और प्रतिमाओं से राजाओं की पहचान होती है।


mg

लघूत्तरात्मक प्रश्न

3. व्यापारिक संबंध — रोमन सिक्कों से दूरवर्ती व्यापारिक तंत्र की जानकारी मिलती है।
4. विनिमय — सोने के सिक्के बहुमूल्य एवं बड़ी मात्रा में वस्तुओं के विनिमय का संकेत देते हैं।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.4 छठी शताब्दी ई. से सोने के सिक्के मिलने कम क्यों हो गए? RBSE-2022

उत्तर :

1. एक मत के अनुसार रोमन साम्राज्य के पतन के बाद दूरवर्ती व्यापार में कमी आई।
2. दूसरे मत के अनुसार नए नगर एवं व्यापार के नवीन तंत्र विकसित हुए।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

3. संभव है कि सिक्के प्रचलन में बने रहे, इसलिए उनका संग्रह नहीं किया गया और वे कम मिले।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.5 मौर्य साम्राज्य के प्रमुख राजनीतिक केन्द्र कौन-कौन से थे?

Model paper-2025

उत्तर :

1. पाटलिपुत्र — साम्राज्य की राजधानी।
2. चार प्रांतीय केंद्र — तक्षशिला, उज्जयिनी, तोसलि एवं सुवर्णगिरि।
3. इन सभी केंद्रों का उल्लेख अशोक के अभिलेखों में मिलता है।

Q.6 मेगस्थनीजद्वारा सैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए उल्लेख की गई छः उपसमितियों के नाम बताइए।

Model paper-2025

उत्तर :

1. नौसेना
2. यातायात एवं खान-पान
3. पैदल सैनिक
4. अश्वारोही
5. रथारोही
6. हाथी

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

Q.1 मौर्य वंश की जानकारी किन स्त्रोतों से प्राप्त होती है? लिखिए। RBSE-2024

उत्तर :

1. **पुरातात्विक प्रमाण** — विशेष रूप से मूर्तिकला।
2. **मेगस्थनीज का विवरण** — चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में आए यूनानी राजदूत का विवरण।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

3. **अर्थशास्त्र** — इसके कुछ भागों की रचना कौटिल्य अथवा चाणक्य द्वारा मानी जाती है।
4. **जैन, बौद्ध एवं पौराणिक ग्रंथ** — मौर्य शासकों का उल्लेख मिलता है।
5. **संस्कृत वाङ्मय** — मौर्य इतिहास के पुनर्निर्माण में उपयोगी।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

6. **अशोक के अभिलेख** — पत्थरों और स्तंभों पर प्राप्त अभिलेख सबसे मूल्यवान स्त्रोत माने जाते हैं।



Q.2 मौर्य साम्राज्य के प्रमुख राजनीतिक केन्द्रों के बारे में लिखिए। RBSE-2024

उत्तर :

1. मौर्य साम्राज्य के पाँच प्रमुख राजनीतिक केंद्र थे।
2. पाटलिपुत्र — साम्राज्य की राजधानी।
3. तक्षशिला, उज्जयिनी, तोसलि और सुवर्णगिरि — चार प्रांतीय केंद्र।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

4. तक्षशिला एवं उज्जयिनी महत्वपूर्ण लंबी दूरी के व्यापारिक मार्गों पर स्थित थे।
5. सुवर्णगिरि कर्नाटक की सोने की खदानों के कारण महत्वपूर्ण था।
6. इन केंद्रों पर प्रशासनिक नियंत्रण अपेक्षाकृत अधिक प्रबल था।

Q.3 मेगस्थनीज द्वारा उल्लेखित मौर्यकालीन सैन्य प्रशासन का वर्णन कीजिए। RBSE-2023

उत्तर :

1. सैन्य गतिविधियों के संचालन के लिए एक समिति एवं छः उपसमितियाँ थीं।
2. पहली उपसमिति– नौसेना का संचालन।
3. दूसरी– यातायात एवं खान-पान की व्यवस्था।

4. तीसरी– पैदल सैनिकों का संचालन।
5. चौथी– अश्वारोहियों का संचालन।
6. पाँचवीं– रथारोहियों का संचालन।
7. छठी– हाथियों का संचालन।
8. दूसरी उपसमिति बैलगाड़ियों, सैनिकों के भोजन, पशुओं के चारे तथा सेवकों और शिल्पकारों की व्यवस्था भी करती थी।

Q.4 अभिलेखों से जानकारियाँ प्राप्त करने में किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है?

RBSE-2022

उत्तर :

1. **अस्पष्ट उत्कीर्णन—** अक्षर हल्के खुदे होने के कारण उन्हें पढ़ना कठिन होता है।
2. **अभिलेखों का नष्ट होना—** समय के साथ अक्षर लुप्त हो जाते हैं।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

3. **अर्थ समझने की समस्या—** कुछ शब्दों के अर्थ विशेष स्थान या समय से संबंधित होते हैं, इसलिए वास्तविक अर्थ जानना कठिन होता है।

Q.5 सोलह महाजनपदों में मगध के उत्थान के कोई तीन कारण लिखिए। RBSE-2022

उत्तर :

1. **उपजाऊ भूमि** — कृषि उत्पादन विशेष रूप से अच्छा था।
2. **लोहे की उपलब्धता** — निकटवर्ती क्षेत्रों की लोहे की खदानों से उपकरण और हथियार बनाना आसान था।

3. **हाथियों की उपलब्धता** — जंगलों से सेना के लिए हाथी मिलते थे।
4. **सुगम परिवहन** — गंगा एवं उसकी उपनदियों से आवागमन सस्ता और सुलभ था।
5. **महत्त्वाकांक्षी शासक** — बिंबिसार, अजातसत्तु और महापद्मनंद की नीतियों ने मगध को शक्तिशाली बनाया।

Q.6 मौर्य साम्राज्य के प्रशासन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। Model paper-2024

उत्तर :

1. मौर्य साम्राज्य के **पाँच प्रमुख राजनीतिक केंद्र थे-** पाटलिपुत्र, तक्षशिला, उज्जयिनी, तोसलि और सुवर्णगिरि।
2. विशाल साम्राज्य में प्रशासनिक नियंत्रण **समान नहीं** था।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

3. राजधानी और प्रांतीय केंद्रों पर नियंत्रण अधिक प्रबल था।
4. अधिकारी नदियों की देखरेख, भूमि मापन, सिंचाई और कर वसूली करते थे।
5. सैन्य संचालन के लिए एक समिति एवं छः उपसमितियाँ थीं।
6. अशोक ने धम्म के प्रचार के लिए धम्म महामात्त नियुक्त किए।

Q.7 सुदर्शन झील पर एक टिप्पणी लिखिए।

Model paper-2024

उत्तर :

1. सुदर्शन झील एक कृत्रिम जलाशय थी।
2. इसका उल्लेख शक शासक रुद्रदमन के पाषाण अभिलेख में मिलता है।
3. इसका निर्माण मौर्य काल में एक स्थानीय राज्यपाल ने करवाया था।

4. भीषण तूफान से इसके तटबंध टूट गए थे।
5. रुद्रदमन ने अपने खर्चे से इसकी मरम्मत करवाई और प्रजा से कोई कर नहीं लिया।
6. बाद में गुप्त वंश के एक शासक ने इसकी पुनः मरम्मत करवाई।

Q.8 सोलह महाजनपदों में प्रथम मगध के विकास के कारणों को स्पष्ट कीजिए। Model paper-2023

उत्तर :

1. उपजाऊ भूमि — मगध में कृषि की उपज विशेष रूप से अच्छी थी।
2. लोहे की खदानें — उपकरण और हथियार बनाना सरल था।

3. **हाथियों की उपलब्धता** — सेना के लिए जंगली क्षेत्रों से हाथी मिलते थे।
4. **गंगा एवं उपनदियाँ** — आवागमन सस्ता और सुलभ था।
5. **महत्त्वाकांक्षी शासक** — बिंबिसार, अजातसत्तु और महापद्मनंद की नीतियों ने मगध की शक्ति बढ़ाई।